संख्या:- 952 /अनुभाग-7/ कार्ययोजना/2016-17

प्रेषक,

आयुक्त एवं सचिव,
राजस्व परिषद,
उत्तराखण्ड, देहरादून।

सेवा में,

समस्त जिलाधिकारी,
(भूलेख अनुभाग)
उत्तराखण्ड।

राजस्व परिषद (कृ0सां0) देहरादून; दिनांक: 25 मई, 2016

विषय:- कृषि सांख्यिकी कार्यक्रमों की वार्षिक कार्य योजना 2016-17 (फसली वर्ष 1424)।

महोदय,

उत्तराखण्ड में राजस्व विभाग के कर्मचारियों द्वारा की जा रही सामान्य पड़ताल, टाईमली रिपोर्टिंग स्कीम (टी.आर.एस.) के अन्तर्गत प्राथमिकता के आधार पर की जा रही है पड़ताल, विभिन्न फसलों पर कराये जाने वाले क्राप-कटिंग प्रयोग, कृषि सांख्यिकी के सुधार की योजना (आई. सी.एस.) के अन्तर्गत पड़ताल जाँच, खसरा रजिस्टर टोटल जाँच तथा क्राप-कटिंग की जाँच आदि की कार्य योजना संलग्न कर आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित की जा रही है।

शासन स्तर पर गठित राज्य स्तरीय फसल बीमा समन्वय समिति की बैठक का कार्यवृत्त-518/XIII-1/2016-1(13)/2002 दिनांक 15 मार्च, 2016 एवं शासनादेश 651/XIII-1/2016-1(13)/2002 दिनांक 19 अप्रैल, 2016 के द्वारा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना को खरीफ 2016 (फसल धान, मडुंवा) से लागू किया गया है, जो कि क्राप कटिंग पर आधारित है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्यक्रम है, जिसके अन्तर्गत जनपद स्तर पर प्रत्येक संसूचित (Notified Area) क्षेत्र के अन्तर्गत क्राप कटिंग के प्रयोग कार्य योजना 2016-17 के अनुसार किये जाने हैं।

कृपया तदनुसार समस्त कार्यो को समयबद्ध तरीके से कार्यान्वित कराने का कष्ट करें तथा समय-समय पर पड़ताल एवं क्राप कटिंग कार्यो की जनपद स्तर पर समीक्षा कर रिपोर्ट कृषि निदेशालय उत्तराखण्ड एवं अधोहस्ताक्षरी कार्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

संलग्नक:- यथोपरि।

भवदीय,

(विजय कुमार ढौंडियाल)
आयुक्त एवं सचिव।

पत्रांक एवं दिनांक उपरोक्तानुसार। 

प्रतिलिपि निम्नलिखित को संलग्नक सहित सूचनार्थ प्रेषित:-

1. अपर मुख्य सचिव, वन एवं ग्राम्य विकास, उत्तराखण्ड शासन, देहरादून।
2. अपर मुख्य सचिव, कृषि, उत्तराखण्ड शासन, देहरादून।
3. आयुक्त कुमाँऊ मण्डल, नैनीताल/गढ़वाल मण्डल, पौड़ी।
4. कृषि निदेशक, उत्तराखण्ड, नन्दा की चौकी, प्रेमनगर, देहरादून।
5. संयुक्त निदेशक, कृषि सांख्यिकी, कृषि निदेशालय, उत्तराखण्ड, देहरादून को इस आग्रह के साथ कि कार्य योजना के अनुसार समस्त कार्य सम्पादित कराते हुये निर्धारित प्रारूपों पर आंकड़े भारत सरकार/प्रदेश सरकार को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।
6. गन्ना एवं चीनी आयुक्त, उत्तराखण्ड, काशीपुर, ऊधमसिंहनगर को आवश्यक कार्यवाही हेतु।
7. सहायक निदेशक (कृषि सांख्यिकी), कार्यालय अपर कृषि निदेशक, गढ़वाल मण्डल पौड़ी/कार्यालय, संयुक्त कृषि निदेशक, कुमाँऊ मण्डल, बरेली रोड हल्द्वानी को आवश्यक कार्यवाही हेतु।
8. उप महानिदेशक, एन.एस.एस.ओ., सी-15, सेक्टर-1, डिफेंस कालौनी, देहरादून।

25.5.16

(राजेश कुमार पाण्डेय)

# उत्तराखण्ड में कृषि सांख्यिकी कार्यक्रम

उत्तराखण्ड शासन

## वार्षिक कार्य योजना

## 2016–17

राजस्व परिषद, उत्तराखण्ड

देहरादून

# कृषि सांख्यिकी

कृषि सांख्यिकी का समस्त कार्य आयुक्त एवं सचिव, राजस्व परिषद, उत्तराखण्ड के प्रशासनिक नियन्त्रण में तथा संयुक्त कृषि निदेशक (सांख्यिकी) के प्राविधिक नियन्त्रण में कराया जाता है। प्रदेश के मैदानी भागों में कृषि वर्ष के तीनों मौसमों यथा खरीफ, रबी व जायद तथा पर्वतीय भागों में पंचवर्षीय पड़ताली रोस्टर के आधार पर प्रत्येक वर्ष कुल राजस्व ग्रामों के 1/5 ग्रामों में कृषि वर्ष के दो मौसमों यथा खरीफ व रबी में राजस्व विभाग द्वारा लेखपालों/राजस्व उपनिरीक्षक (पटवारियों) के माध्यम से पड़ताल के आधार पर विभिन्न फसलों से आच्छादित सिंचित तथा असिंचित क्षेत्रफल के आंकड़ों के साथ-साथ भूमि उपयोगिता सम्बन्धी आंकड़े एकत्रित कराये जाते हैं।

प्रत्येक मौसम में राजस्व उपनिरीक्षक (पूर्व में पटवारी)/लेखपाल पड़ताल के समय खसरा रजिस्टर में प्रत्येक खसरा नम्बर के सम्मुख पाई गई फसल सिंचित एवं असिंचित के रूप में, जैसी भी स्थिति हो, प्रविष्टि करता है। मौसम विशेष में समस्त खसरा नम्बरों में प्रविष्टि के उपरान्त राजस्व उपनिरीक्षक/लेखपाल खसरा पृष्ठवार योग करता है तथा अन्त में समस्त खसरा पृष्ठों का योग करते हुए उस मौसम में गाँव विशेष में बोई गई विभिन्न फसलों से आच्छादित सिंचित व असिंचित क्षेत्रफल के आंकडो को ज्ञात करता है। इन योगों के आधार पर गाँव का जिंसवार तैयार किया जाता है। तहसील स्तर पर तहसील के अन्तर्गत प्रत्येक गाँवों से प्राप्त जिंसवारों को टोटलिंग रजिस्टर में अंकित करते हुए ग्राम पंचायत वार, विकासखण्डवार एवं तहसीलवार जिंसवार तैयार किया जाता है। जनपद स्तर पर तहसीलों से प्राप्त जिंसवारों को समेकित करते हुए जनपदीय जिन्सवार निम्न तिथियों को राजस्व परिषद, उत्तराखण्ड कार्यालय तथा संयुक्त कृषि निदेशक (सांख्यिकी), कृषि निदेशालय, उत्तराखण्ड, नन्दा की चौकी, प्रेमनगर, देहरादून में उपलब्ध कराया जाता है।

**प्रदेश स्तर पर जिन्सवार एवं मिलान खसरा के प्रस्तुत करने की अन्तिम तिथियाँ**

| मौसम | जिलाधिकारी (भूलेख अनुभाग द्वारा) | |
|---|---|---|
| | पर्वतीय भाग | मैदानी भाग |
| खरीफ जिन्सवार | 10 दिसम्बर | 25 नवम्बर |
| रबी जिन्सवार | 01 जुलाई | 15 अप्रैल |
| जायद जिन्सवार | — | 01 जुलाई |
| मिलान खसरा | 10 जुलाई | 10 जुलाई |

राजस्व परिषद, उत्तराखण्ड स्तर पर जनपदों से प्राप्त जिंसवारों में प्रतिवेदित क्षेत्रफल के आंकड़ों का परीक्षण एवं संकलन करते हुए विभिन्न फसलों के अन्तर्गत जनपद एवं प्रदेश स्तर के क्षेत्रफल के अनुमान तैयार किये जाते हैं।

खरीफ, रबी (पर्वतीय/मैदानी) एवं जायद की पड़ताल का निरीक्षण जिले के प्रशासनिक स्तर पर उपजिलाधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार एवं राजस्व निरीक्षकों द्वारा किया जाता है। सांख्यिकीय स्तर का पर्यवेक्षण जनपद के अपर सांख्यिकीय अधिकारी द्वारा किया जाता है। जिला स्तर पर जिलाधिकारी कार्यालय द्वारा पड़ताल निरीक्षण हेतु एक कर्तव्य सूची (रोस्टर) तैयार की जाती है। भूलेख नियमावली के निहित प्राविधानों के अनुसार उपजिलाधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार एवं राजस्व निरीक्षक द्वारा फसली वर्ष में रोस्टर के अनुसार पड़ताल जॉच का कार्य सुनिश्चित किया जाता है। पड़ताल जॉच हेतु निर्धारित प्रारूप (प–12) पर चुने गये दो रैण्डम नम्बरों को आधार मानकर 20–20 खसरा नम्बरों/खेतों के आधार पर किया जाता है। इन चुने गये 20–20 खसरा नम्बरों में स्थानीय जॉच और खसरा रजिस्टर में प्रविष्टि के आधार पर किया जाता है। लेखपाल/उप राजस्व निरीक्षक द्वारा तैयार खसरा रजिस्टर के कोई भी दो पृष्ठों की जांच प्रत्येक फसल के अनुसार क्षेत्रफल एवं जॉचने पर पायी गयी क्षेत्रफल के अनुसार किया जाता है। पड़ताली गॉवों में विभिन्न फसलों के क्षेत्रफल की जॉच खसरा के अनुसार क्षेत्रफल एवं क्षेत्रफल के अग्रिम अनुमान (टी0आर0एस0) तालिका के अनुसार किया जाता है। तत्पश्चात निरीक्षक गॉव में पड़ताल की जॉच के समय पायी गयी त्रुटियों का विवरण सम्बन्धित तालिका (प–12) में अंकित कर आख्या जनपद के भूलेख अधिकारी/प्रभारी अधिकारी (क्राप कटिंग) के माध्यम से परिषद को उपलब्ध कराया जाता है।

## टाईमली रिपोर्टिंग स्कीम (Timely Reporting Scheme, TRS)

उपरोक्तानुसार फसलों से आच्छादित क्षेत्रफल के आंकड़े पड़ताल समाप्त होने की तिथि से राजस्व परिषद, कृषि निदेशालय, उत्तराखण्ड स्तर पर प्राप्त होने तक लगभग तीन से छह माह का समय लग जाता है जबकि प्रदेश एवं भारत सरकार को खाद्य नीति निर्धारण के लिए फसलों से आच्छादित क्षेत्रफल एवं उपज के पूर्वानुमान की आवश्यकता पहले ही होती है। इस कमी को दूर करने के लिए भारत सरकार द्वारा प्रदेश में वर्ष 1968–69 से टाईमली रिपोर्टिंग योजना (टी0आर0एस0) लागू की गई थी। इस योजना के अन्तर्गत प्रदेश के मैदानी भागों में प्रत्येक वर्ष कुल राजस्व गांवों का 1/5 गॉव न्यादर्श प्रतिदर्श सर्वेक्षण के आधार पर चयन करके इन चयनित

गाँवों में पड़ताल के प्रारम्भ होने की तिथि से प्राथमिकता के आधार पर पड़ताल सम्पन्न कराते हुए फसलों से आच्छादित क्षेत्रफल एवं उपज के पूर्वानुमान तैयार किये जाते हैं। पर्वतीय भाग में विपरीत स्थितियां (अधिक राजस्व ग्राम, अधिक खसरा नम्बर तथा कम क्षेत्रफल) होने की वजह से प्रत्येक राजस्व उपनिरीक्षक क्षेत्र में वर्ष के रोस्टर के प्रथम गांव में प्राथमिकता के आधार पर पड़ताल सम्पन्न कराते हुये फसलों से आच्छादित क्षेत्रफल एवं उपज के पूर्वानुमान तैयार किये जाते हैं। सामान्य पड़ताल (क्षेत्रफल परिगणना) एवं टी. आर. एस. पड़ताल का कार्य तीनों कृषि मौसमों यथा खरीफ, रबी एवं जायद में लेखपालों/राजस्व उपनिरीक्षकों द्वारा निम्नलिखित समय सारिणी के अनुसार किया जाता है:–

<u>मैदानी क्षेत्र:–</u>

| क्र.सं. | मौसम | सामान्य पड़ताल | टी.आर.एस. पड़ताल |
|---|---|---|---|
| 1 | खरीफ | 10 अगस्त से 25 सितम्बर | 10 अगस्त से 19 अगस्त |
| 2 | रबी | 01 जनवरी से 15 फरवरी | 01 जनवरी से 10 जनवरी |
| 3 | जायद | 01 मई से 31 मई | 01 मई से 10 मई |

<u>पर्वतीय क्षेत्र:–</u>

| क्र.सं. | मौसम | सामान्य पड़ताल | टी.आर.एस. पड़ताल |
|---|---|---|---|
| 1 | खरीफ | 10 अगस्त से 31 अक्टूबर | 10 अगस्त से 31 अगस्त |
| 2 | रबी | 15 जनवरी से 15 मई | 15 जनवरी से 08 फरवरी |

प्राथमिकता के आधार पर की गई पड़ताल के आधार पर राजस्व उपनिरीक्षक/लेखपाल द्वारा भरी हुई टी. आर. एस. तालिकाएं निम्न समय सारिणी के अनुसार संयुक्त कृषि निदेशक (सांख्यिकी), नन्दा की चौकी, प्रेमनगर, कृषि निदेशालय, उत्तराखण्ड, देहरादून को उपलब्ध करायेंगे:–

| मौसम | टी.आर.एस. तालिका निदेशालय पहुँचने की निर्धारित अन्तिम तिथि | |
|---|---|---|
| | पर्वतीय भाग | मैदानी भाग |
| 1. खरीफ | 15 सितम्बर | 31 अगस्त |
| 2. रबी | 28 फरवरी | 21 जनवरी |
| 3. जायद | – | 21 मई |

**<u>योजना के उद्देश्य:–</u>** योजना के उद्देश्य निम्नवत् हैं:–

1. खरीफ, रबी एवं जायद मौसम में मुख्य फसलों के क्षेत्रफल सम्बन्धी विश्वसनीय प्राथमिक अनुमान फसलों की बुवाई के तुरन्त बाद एवं फसलों के उत्पादन सम्बन्धी अनुमान फसलों के कटाई के तुरन्त बाद उपलब्ध कराना।

2. मुख्य फसलों के कुल एवं सिंचित क्षेत्रफल के अनुमान अलग–अलग निकालना।
3. प्रमुख फसलों के उन्नतशील प्रजाति के क्षेत्रफल का अनुमान लगाना।

योजना के तहसीलवार लक्ष्य तालिका–3 में दिये गये है।

## फसल उत्पादन सर्वे (General Crop Estimation Survey, GCES)

खरीफ, रबी तथा जायद की मुख्य खाद्य व अखाद्य फसलों की उपज के अनुमान लगाने के लिए मुख्य फसलों पर न्यादर्श सर्वेक्षण पर आधारित क्राप–कटिंग प्रयोग कराये जाते हैं। ये प्रयोग राजस्व परिषद, उत्तराखण्ड के प्रशासनिक नियन्त्रण में संयुक्त कृषि निदेशक (सांख्यिकी), उत्तराखण्ड के प्राविधिक आदेशों के अनुसार कराये जाते हैं।

फसल धान, मण्डुवा, सांवा, गेहूँ व जौ को छोड़कर अन्य समस्त फसलों पर क्राप कटिंग हेतु खेतों के चुनाव के समय किसी कारणवश मूलतः चयनित तहसील में प्रयोगात्मक फसल उपलब्ध न होने पर जनपद की अन्य तहसील का चुनाव किया जाय। इस प्रकार प्रतिस्थापित ग्राम व तहसील की सूचना यथाशीघ्र इस कार्यालय एवं सयुक्त कृषि निदेशक (सांख्यिकी), कृषि निदेशालय, नन्दा की चौकी को प्रेषित की जाय। इस कार्य में कृषि निदेशक, उत्तराखण्ड और उनके विभाग के अधिकारी तथा जिला स्तर पर राजस्व विभाग, विकास विभाग तथा अन्य विभागों के अधिकारीगण समुचित सहयोग देगें एवं समय–समय पर जिलाधिकारी द्वारा आंवटित क्षेत्रीय कार्य (क्राप–कटिंग) का निरीक्षण करेंगे। जनपदवार व तहसीलवार मुख्य फसलों (धान, मण्डुवा, सांवा, गेहूं तथा जौ) का क्राप कटिंग प्लान तालिका–4 में तथा गौण फसलों का जनपदवार क्राप कटिंग प्लान तालिका–4(अ) मे दिया गया है।

## कृषि सांख्यिकी के सुधार की योजना (Improvement in Crop Statistics, ICS)

फसलों के वास्तविक आच्छादित क्षेत्रफल तथा उपज के आंकलन की वर्तमान प्रणाली में आने वाली विसंगतियों एवं अवरोधों को ज्ञात करने के उपायों की खोज करने हेतु भारत सरकार के द्वारा प्रदेश में वर्ष 1974–75 **से "कृषि सांख्यिकी के सुधार' की योजना' (आई. सी.एस.)** प्रारम्भ की गयी। यह योजना कृषि सांख्यिकी तथा राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण संगठन, भारत सरकार, दोनों के अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा बराबर–बराबर सैम्पल के निरीक्षण पर आधारित है। इस योजना के अन्तर्गत राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण संगठन, भारत सरकार द्वारा चयनित राजस्व ग्रामों में पड़ताल जांच, खसरा रजिस्टर में पृष्ठवार योग की जांच तथा क्राप कटिंग जांच का कार्य किया जाता है। कृषि सांख्यिकी सुधार योजना से सम्बन्धित कार्यों की समय–सारिणी का विवरण तालिका–2 व भौतिक लक्ष्यों का विवरण तालिका–5 में दिया गया है। जनपदवार क्षेत्रफल परिगणना, क्षेत्रफल समुच्चयन तथा मुख्य फसलों पर क्राप कटिंग प्रयोगों की प्रतिदर्श जांच हेतु चयनित राज्य प्रतिदर्श के ग्रामों की जनपदवार सूचियां पृथक से प्रेषित की जायेगी।

उत्तराखण्ड शासन के पत्रांक 1894/104/SSS/बैठक/2015–16 दिनांक 03 दिसम्बर 2015 के द्वारा उत्पादन लागत सर्वेक्षण एवं गौण फसलों पर पायलट आधार पर क्राप कटिंग का कार्य जिलाधिकारी के प्रशासन एवं संयुक्त कृषि निदेशक सांख्यिकी देहरादून के प्राविधिक नियन्त्रण में राजस्व कर्मचारियों राजस्व निरीक्षक/ राजस्व उप निरीक्षक /लेखपाल एवं कृषि सांख्यिकी कर्मचारियों अपर सांख्यिकी अधिकारी/सहायक सांख्यिकी अधिकारी द्वारा किया जाना प्रस्तावित है। तालिका–4(अ) में खरीफ तथा रबी हेतु गौण फसलें व क्राप कटिंग हेतु ग्रामों की संख्या दी गयी हैं।

*** *** *** ***

## तालिका – 1

## जिन्सवार एवं मिलान खसरा के प्रस्तुतीकरण की तिथियाँ

**मैदानी क्षेत्र**

| क्र. सं. | भू–अभिलेख | लेखपाल द्वारा | राजस्व निरीक्षक द्वारा | रजिस्ट्रार कानूनगो द्वारा | सहायक भूलेखाधिकारी द्वारा |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | खरीफ जिन्सवार | 25 अक्टूबर | 31 अक्टूबर | 20 नवम्बर | 25 नवम्बर |
| 2 | रबी जिन्सवार | 15 मार्च | 20 मार्च | 10 अप्रैल | 15 अप्रैल |
| 3 | जायद जिन्सवार | 31 मई | 05 जून | 20 जून | 01 जुलाई |
| 4 | मिलान खसरा | 15 जून | 20 जून | 05 जुलाई | 10 जुलाई |

**पर्वतीय क्षेत्र**

| क्र. सं. | भू–अभिलेख | राजस्व उपनिरीक्षक | राजस्व निरीक्षक द्वारा | रजिस्ट्रार कानूनगो द्वारा | सहायक भूलेखाधिकारी द्वारा |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | खरीफ जिन्सवार | 10 नवम्बर | 15 नवम्बर | 25 नवम्बर | 10 दिसम्बर |
| 2 | रबी जिन्सवार | 31 मई | 10 जून | 20 जून | 01 जुलाई |
| 3 | मिलान खसरा | 15 जून | 20 जून | 05 जुलाई | 10 जुलाई |

## तालिका – 2

## राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण संगठन, भारत सरकार, क्षेत्र संकार्य प्रभाग, फरीदाबाद में शिड्यूल प्राप्त होने की अन्तिम तिथि

| क्र. सं. | तालिका | खरीफ | | | | रबी | | | | जायद | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | केन्द्र प्रतिदर्श | | राज्य प्रतिदर्श | | केन्द्र प्रतिदर्श | | राज्य प्रतिदर्श | | केन्द्र प्रतिदर्श | राज्य प्रतिदर्श |
| | | पर्वतीय | मैदानी | पर्वतीय | मैदानी | पर्वतीय | मैदानी | पर्वतीय | मैदानी | मैदानी | मैदानी |
| 1 | शिड्यूल 1.0 | 08 अक्टूबर | 27 सितम्बर | 15 अक्टूबर | 04 अक्टूबर | 18 मार्च | 18 फरवरी | 25 मार्च | 25 फरवरी | 13 जून | 20 जून |
| 2 | शिड्यूल 1.1 | – | – | 30 दिसम्बर | 30 दिसंबर | – | – | 10 जुलाई | 15 मई | – | 10 अगस्त |
| 3 | शिड्यूल 2.0 | धान– 08 जनवरी<br>मण्डुआ– 08 जनवरी | | धान– 15 जनवरी<br>मण्डुआ– 09 जनवरी | | गेहूँ– 23 जून | गेहूँ 23 मई | गेहूँ– 30 जून | गेहूँ 30 मई | – | – |

तालिका – 3

राजस्व विभाग द्वारा की जाने वाली सामान्य पड़ताल एवं टी. आर. एस. पड़ताल के जनपदवार भौतिक लक्ष्य वर्ष 2016–17 (फसली वर्ष 1424)

| क्र. सं. | जनपद | तहसील | कुल राजस्व ग्रामों की संख्या | पड़ताल हेतु चुने गये ग्रामों की संख्या | | | टी.आर.एस. पड़ताल हेतु चुने गये ग्रामों की संख्या | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | खरीफ | रबी | जायद | खरीफ | रबी | जायद |
| 1 | चमोली | चमोली | 137 | 27 | 27 | 0 | 8 | 8 | 0 |
| | | गैरसैण | 169 | 34 | 34 | 0 | 9 | 9 | 0 |
| | | घाट | 95 | 19 | 19 | 0 | 6 | 6 | 0 |
| | | जोशीमठ | 102 | 20 | 20 | 0 | 7 | 7 | 0 |
| | | कर्णप्रयाग | 233 | 46 | 46 | 0 | 13 | 13 | 0 |
| | | पोखरी | 140 | 28 | 28 | 0 | 9 | 9 | 0 |
| | | थराली | 319 | 64 | 64 | 0 | 18 | 18 | 0 |
| | | आदिबद्री | 63 | 13 | 13 | 0 | 4 | 4 | 0 |
| | | **योग** | **1258** | **251** | **251** | **0** | **74** | **74** | **0** |
| | देहरादून (पर्वतीय) | चकराता | 109 | 22 | 22 | 0 | 13 | 13 | 0 |
| | | कालसी | 169 | 33 | 33 | 0 | 17 | 17 | 0 |
| | | त्यूनी | 80 | 16 | 16 | 0 | 9 | 9 | 0 |
| | | **योग** | **358** | **71** | **71** | **0** | **39** | **39** | **0** |
| | देहरादून (मैदानी) | देहरादून | 191 | 191 | 191 | 191 | 39 | 39 | 39 |
| | | ऋषिकेश | 42 | 42 | 42 | 42 | 8 | 8 | 8 |
| | | डोईवाला | 62 | 62 | 62 | 62 | 12 | 12 | 12 |
| | | विकासनगर | 138 | 138 | 138 | 138 | 27 | 27 | 27 |
| | | **योग** | **433** | **433** | **433** | **433** | **86** | **86** | **86** |
| 2 | देहरादून | **योग** | **791** | **504** | **504** | **433** | **125** | **125** | **86** |
| 3 | हरिद्वार | रूड़की | 116 | 116 | 116 | 116 | 23 | 23 | 23 |
| | | हरिद्वार | 147 | 147 | 147 | 147 | 30 | 30 | 30 |
| | | लक्सर | 166 | 166 | 166 | 166 | 33 | 33 | 33 |
| | | भगवानपुर | 87 | 87 | 87 | 87 | 17 | 17 | 17 |
| | | नारसन | 123 | 123 | 123 | 123 | 25 | 25 | 25 |
| | | **योग** | **639** | **639** | **639** | **639** | **128** | **128** | **128** |
| | पौड़ी गढ़वाल पर्वतीय | चौबट्टाखाल | 289 | 58 | 58 | 0 | 20 | 20 | 0 |
| | | धुमाकोट | 348 | 69 | 69 | 0 | 22 | 22 | 0 |
| | | कोटद्वार (पर्व) | 244 | 49 | 49 | 0 | 18 | 18 | 0 |
| | | लैन्सडौन | 494 | 99 | 99 | 0 | 35 | 35 | 0 |
| | | पौड़ी | 853 | 171 | 171 | 0 | 57 | 57 | 0 |
| | | सतपुली | 267 | 53 | 53 | 0 | 17 | 17 | 0 |
| | | चाकीसैण | 115 | 23 | 23 | 0 | 9 | 9 | 0 |
| | | श्रीनगर | 225 | 45 | 45 | 0 | 10 | 10 | 0 |
| | | थलीसैण | 320 | 64 | 64 | 0 | 24 | 24 | 0 |
| | | यमकेश्वर | 241 | 48 | 48 | 0 | 22 | 22 | 0 |
| | | **योग** | **3396** | **679** | **679** | **0** | **234** | **234** | **0** |
| | पौड़ी गढ़वाल मैदानी | कोटद्वार (मै0) | 76 | 76 | 76 | 76 | 15 | 15 | 15 |
| 4 | पौड़ी गढ़वाल | **योग** | **3472** | **755** | **755** | **76** | **249** | **249** | **15** |

| क्र. सं. | जनपद | तहसील | कुल राजस्व ग्रामों की संख्या | पड़ताल हेतु चुने गये ग्रामों की संख्या | | | टी.आर.एस. पड़ताल हेतु चुने गये ग्रामों की संख्या | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | खरीफ | रबी | जायद | खरीफ | रबी | जायद |
| 5 | रूद्रप्रयाग | जखोली | 114 | 23 | 23 | 0 | 15 | 15 | 0 |
| | | रूद्रप्रयाग | 297 | 60 | 60 | 0 | 21 | 21 | 0 |
| | | बसुकेदार | 66 | 12 | 12 | 0 | 6 | 6 | 0 |
| | | ऊखीमठ | 204 | 41 | 41 | 0 | 10 | 10 | 0 |
| | | **योग** | **681** | **136** | **136** | **0** | **52** | **52** | **0** |
| 6 | टिहरी गढ़वाल | देवप्रयाग | 376 | 76 | 76 | 0 | 37 | 37 | 0 |
| | | नैनबाग | 105 | 20 | 20 | 0 | 9 | 9 | 0 |
| | | धनोल्टी | 159 | 32 | 32 | 0 | 15 | 15 | 0 |
| | | गजा | 126 | 25 | 25 | 0 | 11 | 11 | 0 |
| | | घनशाली | 299 | 60 | 60 | 0 | 33 | 33 | 0 |
| | | जाखणीधार | 140 | 28 | 28 | 0 | 11 | 11 | 0 |
| | | नरेन्द्रनगर | 132 | 26 | 26 | 0 | 13 | 13 | 0 |
| | | प्रतापनगर | 154 | 31 | 31 | 0 | 24 | 24 | 0 |
| | | टिहरी | 247 | 49 | 49 | 0 | 18 | 18 | 0 |
| | | कण्डीसौड़ | 118 | 24 | 24 | 0 | 12 | 12 | 0 |
| | | **योग** | **1856** | **371** | **371** | **0** | **183** | **183** | **0** |
| 7 | उत्तरकाशी | बड़कोट | 181 | 36 | 36 | 0 | 24 | 24 | 0 |
| | | भटवाड़ी | 101 | 20 | 20 | 0 | 17 | 17 | 0 |
| | | चिन्यालीसौड़ | 102 | 20 | 20 | 0 | 15 | 15 | 0 |
| | | डुण्डा | 128 | 26 | 26 | 0 | 17 | 17 | 0 |
| | | मोरी | 92 | 19 | 19 | 0 | 10 | 10 | 0 |
| | | पुरोला | 81 | 16 | 16 | 0 | 9 | 9 | 0 |
| | | **योग** | **685** | **137** | **137** | **0** | **92** | **92** | **0** |
| गढ़वाल मण्डल | | | **9382** | **2793** | **2793** | **1148** | **903** | **903** | **229** |
| 8 | अल्मोड़ा | अल्मोड़ा | 277 | 56 | 56 | 0 | 28 | 28 | 0 |
| | | स्याल्दे | 145 | 29 | 29 | 0 | 15 | 15 | 0 |
| | | भनोली | 225 | 45 | 45 | 0 | 23 | 23 | 0 |
| | | धौलछीना | 117 | 24 | 24 | 0 | 11 | 11 | 0 |
| | | भिकियासैण | 252 | 50 | 50 | 0 | 18 | 18 | 0 |
| | | चौखुटिया | 171 | 35 | 35 | 0 | 14 | 14 | 0 |
| | | द्वाराहाट | 216 | 43 | 43 | 0 | 25 | 25 | 0 |
| | | रानीखेत | 301 | 60 | 60 | 0 | 29 | 29 | 0 |
| | | सोमेश्वर | 147 | 29 | 29 | 0 | 9 | 9 | 0 |
| | | सल्ट | 226 | 45 | 45 | 0 | 19 | 19 | 0 |
| | | जैती | 70 | 14 | 14 | 0 | 8 | 8 | 0 |
| | | लमगड़ा | 104 | 20 | 20 | 0 | 12 | 12 | 0 |
| | | **योग** | **2251** | **450** | **450** | **0** | **211** | **211** | **0** |
| 9 | बागेश्वर | बागेश्वर | 257 | 52 | 52 | 0 | 15 | 15 | 0 |
| | | दुग्नाकुरी | 62 | 12 | 12 | 0 | 4 | 4 | 0 |
| | | शामाउपतह0 | 36 | 6 | 6 | 0 | 3 | 3 | 0 |
| | | गरूड़ | 189 | 38 | 38 | 0 | 11 | 11 | 0 |
| | | काफलीगैर | 84 | 16 | 16 | 0 | 5 | 5 | 0 |
| | | काण्डा | 172 | 35 | 35 | 0 | 11 | 11 | 0 |
| | | कपकोट | 110 | 23 | 23 | 0 | 11 | 11 | 0 |
| | | **योग** | **910** | **182** | **182** | **0** | **60** | **60** | **0** |

| क्र. सं. | जनपद | तहसील | कुल राजस्व ग्रामों की संख्या | पड़ताल हेतु चुने गये ग्रामों की संख्या | | | टी.आर.एस. पड़ताल हेतु चुने गये ग्रामों की संख्या | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | खरीफ | रबी | जायद | खरीफ | रबी | जायद |
| | चम्पावत पर्वतीय | बाराकोट | 103 | 21 | 21 | 0 | 10 | 10 | 0 |
| | | चम्पावत | 194 | 39 | 39 | 0 | 19 | 19 | 0 |
| | | लोहाघाट | 181 | 36 | 36 | 0 | 18 | 18 | 0 |
| | | पाटी | 140 | 28 | 28 | 0 | 16 | 16 | 0 |
| | | पूर्णागिरी | 38 | 8 | 8 | 0 | 3 | 3 | 0 |
| | | **योग** | **656** | **132** | **132** | **0** | **66** | **66** | **0** |
| | चम्पावत मैदानी | पूर्णागिरी | 35 | 35 | 35 | 35 | 7 | 7 | 7 |
| 10 | चम्पावत | **योग** | **691** | **167** | **167** | **35** | **73** | **73** | **7** |
| | नैनीताल पर्वतीय | बेतालघाट | 72 | 14 | 14 | 0 | 7 | 7 | 0 |
| | | धारी | 153 | 30 | 30 | 0 | 17 | 17 | 0 |
| | | कोश्याकुटोली | 121 | 24 | 24 | 0 | 10 | 10 | 0 |
| | | नैनीताल | 232 | 47 | 47 | 0 | 21 | 21 | 0 |
| | | **योग** | **578** | **115** | **115** | **0** | **55** | **55** | **0** |
| | नैनीताल मैदानी | हल्द्वानी | 213 | 213 | 213 | 213 | 42 | 42 | 42 |
| | | कालाढूंगी | 118 | 118 | 118 | 118 | 24 | 24 | 24 |
| | | लालकुआँ | 48 | 48 | 48 | 48 | 10 | 10 | 10 |
| | | रामनगर | 136 | 136 | 136 | 136 | 27 | 27 | 27 |
| | | **योग** | **515** | **515** | **515** | **515** | **103** | **103** | **103** |
| 11 | नैनीताल | **योग** | **1093** | **630** | **630** | **515** | **158** | **158** | **103** |
| 12 | पिथौरागढ़ | बेरीनाग | 291 | 58 | 58 | 0 | 20 | 20 | 0 |
| | | देवलथल | 73 | 14 | 14 | 0 | 8 | 8 | 0 |
| | | धारचूला | 66 | 13 | 13 | 0 | 8 | 8 | 0 |
| | | डीडीहाट | 217 | 42 | 42 | 0 | 20 | 20 | 0 |
| | | गंगोलीहाट | 205 | 41 | 41 | 0 | 13 | 13 | 0 |
| | | गणाईगंगोली | 127 | 25 | 25 | 0 | 7 | 7 | 0 |
| | | बंगापानी | 46 | 11 | 11 | 0 | 6 | 6 | 0 |
| | | कनालीछीना | 75 | 15 | 15 | 0 | 7 | 7 | 0 |
| | | मुनस्यारी | 187 | 38 | 38 | 0 | 17 | 17 | 0 |
| | | पिथौरागढ़ | 351 | 70 | 70 | 0 | 34 | 34 | 0 |
| | | **योग** | **1638** | **327** | **327** | **0** | **140** | **140** | **0** |
| 13 | उधमसिंहनगर | बाजपुर | 125 | 125 | 125 | 125 | 25 | 25 | 25 |
| | | गदरपुर | 61 | 61 | 61 | 61 | 12 | 12 | 12 |
| | | जसपुर | 101 | 101 | 101 | 101 | 21 | 21 | 21 |
| | | काशीपुर | 77 | 77 | 77 | 77 | 15 | 15 | 15 |
| | | खटीमा | 92 | 92 | 92 | 92 | 18 | 18 | 18 |
| | | किच्छा | 58 | 58 | 58 | 58 | 12 | 12 | 12 |
| | | सितारगंज | 127 | 127 | 127 | 127 | 26 | 26 | 26 |
| | | रुद्रपुर | 43 | 43 | 43 | 43 | 8 | 8 | 8 |
| | | **योग** | **684** | **684** | **684** | **684** | **137** | **137** | **137** |
| कुमाँऊ मण्डल | | | **7267** | **2440** | **2440** | **1234** | **779** | **779** | **247** |
| उत्तराखण्ड (पर्वतीय) | | | **14267** | **2851** | **2851** | **0** | **1206** | **1206** | **0** |
| उत्तराखण्ड (मैदानी) | | | **2382** | **2382** | **2382** | **2382** | **476** | **476** | **476** |
| उत्तराखण्ड | | | **16649** | **5233** | **5233** | **2382** | **1682** | **1682** | **476** |

तालिका– 4

## मुख्य फसलों पर फसल कटाई प्रयोगों के लिए जनपदवार भौतिक लक्ष्य वर्ष 2016–17

| क्र. सं. | जनपद | तहसील | फसल कटाई प्रयोगो हेतु ग्रामों की संख्या | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | खरीफ | | | | रबी | | | कुल योग |
| | | | धान | मण्डुवा | सांवा | योग | गेहूँ | जौ | योग | |
| 1 | चमोली | चमोली | 7 | 4 | 3 | **14** | 7 | 2 | **9** | **23** |
| | | गैरसैण | 7 | 4 | 4 | **15** | 7 | 4 | **11** | **26** |
| | | घाट | 3 | 4 | 3 | **10** | 3 | 2 | **5** | **15** |
| | | जोशीमठ | 4 | 4 | 0 | **8** | 4 | 4 | **8** | **16** |
| | | कर्णप्रयाग | 10 | 6 | 3 | **19** | 10 | 4 | **14** | **33** |
| | | पोखरी | 8 | 6 | 2 | **16** | 8 | 4 | **12** | **28** |
| | | थराली | 10 | 10 | 3 | **23** | 10 | 4 | **14** | **37** |
| | | आदिबद्री | 3 | 2 | 2 | **7** | 3 | 1 | **4** | **11** |
| | | **योग** | **52** | **40** | **20** | **112** | **52** | **25** | **77** | **189** |
| 2 | देहरादून (पर्वतीय) | चकराता | 6 | 7 | 0 | **13** | 6 | 5 | **11** | **24** |
| | | कालसी | 10 | 10 | 0 | **20** | 10 | 10 | **20** | **40** |
| | | त्यूनी | 4 | 3 | 0 | **7** | 4 | 5 | **9** | **16** |
| | | **योग** | **20** | **20** | **0** | **40** | **20** | **20** | **40** | **80** |
| | देहरादून (मैदानी) | देहरादून | 50 | 3 | 0 | **53** | 50 | 0 | **50** | **103** |
| | | ऋषिकेश | 16 | 2 | 0 | **18** | 16 | 0 | **16** | **34** |
| | | विकासनगर | 70 | 2 | 0 | **72** | 70 | 0 | **70** | **142** |
| | | डोईवाला | 24 | 3 | 0 | **27** | 24 | 0 | **24** | **51** |
| | | **योग** | **160** | **10** | **0** | **170** | **160** | **0** | **160** | **330** |
| | **देहरादून** | **योग** | **180** | **30** | **0** | **210** | **180** | **20** | **200** | **410** |
| 3 | हरिद्वार | रूड़की | 100 | 0 | 0 | **100** | 100 | 0 | **100** | **200** |
| | | हरिद्वार | 70 | 0 | 0 | **70** | 70 | 0 | **70** | **140** |
| | | लक्सर | 90 | 0 | 0 | **90** | 90 | 0 | **90** | **180** |
| | | नारसन | 10 | 0 | 0 | **10** | 10 | 0 | **10** | **20** |
| | | भगवानपुर | 58 | 0 | 0 | **58** | 58 | 0 | **58** | **116** |
| | | **योग** | **328** | **0** | **0** | **328** | **328** | **0** | **328** | **656** |
| 4 | पौड़ी गढ़वाल (पर्व0) | चौबट्टाखाल | 6 | 6 | 8 | **20** | 6 | 8 | **14** | **34** |
| | | धूमाकोट | 10 | 10 | 10 | **30** | 10 | 10 | **20** | **50** |
| | | कोटद्वार(पर्व0) | 10 | 10 | 10 | **30** | 10 | 10 | **20** | **50** |
| | | लैन्सडौन | 15 | 15 | 15 | **45** | 15 | 15 | **30** | **75** |
| | | पौड़ी | 20 | 20 | 18 | **58** | 20 | 18 | **38** | **96** |
| | | सतपुली | 6 | 6 | 6 | **18** | 6 | 6 | **12** | **30** |
| | | श्रीनगर | 3 | 3 | 3 | **9** | 3 | 3 | **6** | **15** |
| | | थलीसैण | 10 | 10 | 10 | **30** | 10 | 10 | **20** | **50** |
| | | चाकीसैण | 5 | 5 | 5 | **15** | 5 | 5 | **10** | **25** |
| | | यमकेश्वर | 10 | 10 | 10 | **30** | 10 | 10 | **20** | **50** |
| | | **योग** | **95** | **95** | **95** | **285** | **95** | **95** | **190** | **475** |
| | पौड़ी (मै0) | कोटद्वार(मै0) | 8 | 0 | 0 | **8** | 8 | 0 | **8** | **16** |
| | पौड़ी गढ़वाल | **योग** | **103** | **95** | **95** | **293** | **103** | **95** | **198** | **491** |

| क्र. सं. | जनपद | तहसील | फसल कटाई प्रयोगों हेतु ग्रामों की संख्या | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | खरीफ | | | | रबी | | | |
| | | | धान | मण्डुवा | सांवा | योग | गेहूँ | जौ | योग | कुल योग |
| 5 | रूद्रप्रयाग | जखोली | 10 | 10 | 2 | **22** | 10 | 4 | **14** | **36** |
| | | रूद्रप्रयाग | 10 | 10 | 5 | **25** | 10 | 6 | **16** | **41** |
| | | बसुकेदार | 2 | 2 | 1 | **5** | 2 | 2 | **4** | **9** |
| | | ऊखीमठ | 8 | 9 | 2 | **19** | 8 | 4 | **12** | **31** |
| | | **योग** | **30** | **31** | **10** | **71** | **30** | **16** | **46** | **117** |
| 6 | टिहरी गढ़वाल | देवप्रयाग | 10 | 10 | 8 | **28** | 10 | 8 | **18** | **46** |
| | | नैनबाग | 5 | 3 | 2 | **10** | 5 | 2 | **7** | **17** |
| | | धनोल्टी | 6 | 10 | 7 | **23** | 6 | 10 | **16** | **39** |
| | | गजा | 10 | 5 | 2 | **17** | 10 | 1 | **11** | **28** |
| | | घनशाली | 15 | 10 | 4 | **29** | 15 | 6 | **21** | **50** |
| | | जाखणीधार | 10 | 10 | 5 | **25** | 10 | 2 | **12** | **37** |
| | | नरेन्द्रनगर | 10 | 5 | 3 | **18** | 10 | 1 | **11** | **29** |
| | | प्रतापनगर | 10 | 10 | 10 | **30** | 10 | 5 | **15** | **45** |
| | | टिहरी | 5 | 5 | 9 | **19** | 5 | 7 | **12** | **31** |
| | | कण्डीसौड़ | 5 | 5 | 5 | **15** | 5 | 3 | **8** | **23** |
| | | **योग** | **86** | **73** | **55** | **214** | **86** | **45** | **131** | **345** |
| 7 | उत्तरकाशी | बड़कोट | 10 | 10 | 3 | **23** | 10 | 3 | **13** | **36** |
| | | भटवाड़ी | 10 | 10 | 2 | **22** | 10 | 2 | **12** | **34** |
| | | चिन्यालीसौड़ | 10 | 10 | 8 | **28** | 10 | 6 | **16** | **44** |
| | | डुण्डा | 10 | 10 | 6 | **26** | 10 | 6 | **16** | **42** |
| | | मोरी | 5 | 5 | 0 | **10** | 5 | 3 | **8** | **18** |
| | | पुरोला | 5 | 5 | 1 | **11** | 5 | 5 | **10** | **21** |
| | | **योग** | **50** | **50** | **20** | **120** | **50** | **25** | **75** | **195** |
| **गढ़वाल मण्डल** | | | **829** | **319** | **200** | **1348** | **829** | **226** | **1055** | **2403** |
| 8 | अल्मोड़ा | अल्मोड़ा | 10 | 12 | 7 | **29** | 10 | 7 | **17** | **46** |
| | | स्याल्दे | 5 | 6 | 3 | **14** | 5 | 3 | **8** | **22** |
| | | भनोली | 10 | 7 | 7 | **24** | 10 | 7 | **17** | **41** |
| | | भिकियासैंण | 12 | 11 | 3 | **26** | 12 | 3 | **15** | **41** |
| | | धौलछीना | 5 | 4 | 1 | **10** | 5 | 1 | **6** | **16** |
| | | चौखुटिया | 10 | 5 | 2 | **17** | 10 | 2 | **12** | **29** |
| | | द्वाराहाट | 10 | 10 | 4 | **24** | 10 | 3 | **13** | **37** |
| | | रानीखेत | 12 | 12 | 6 | **30** | 12 | 5 | **17** | **47** |
| | | सोमेश्वर | 5 | 4 | 1 | **10** | 5 | 1 | **6** | **16** |
| | | सल्ट | 10 | 10 | 1 | **21** | 10 | 2 | **12** | **33** |
| | | लमगड़ा | 5 | 6 | 2 | **13** | 5 | 4 | **9** | **22** |
| | | जैंती | 5 | 7 | 3 | **15** | 5 | 2 | **7** | **22** |
| | | **योग** | **99** | **94** | **40** | **233** | **99** | **40** | **139** | **372** |

| क्र. सं. | जनपद | तहसील | फसल कटाई प्रयोगों हेतु ग्रामों की संख्या | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | खरीफ | | | | रबी | | | |
| | | | धान | मण्डुवा | सांवा | योग | गेहूँ | जौ | योग | कुल योग |
| 9 | बागेश्वर | बागेश्वर | 8 | 7 | 2 | **17** | 8 | 0 | **8** | **25** |
| | | दुगनाकुरी | 2 | 2 | 1 | **5** | 2 | 0 | **2** | **7** |
| | | गरूड़ | 7 | 5 | 2 | **14** | 7 | 3 | **10** | **24** |
| | | काफलीगैर | 3 | 1 | 1 | **5** | 3 | 0 | **3** | **8** |
| | | काण्डा | 6 | 5 | 2 | **13** | 6 | 2 | **8** | **21** |
| | | शमा उपतह0 | 2 | 1 | 0 | **3** | 2 | 1 | **3** | **6** |
| | | कपकोट | 8 | 5 | 2 | **15** | 8 | 4 | **12** | **27** |
| | | **योग** | **36** | **26** | **10** | **72** | **36** | **10** | **46** | **118** |
| 10 | चम्पावत पर्वतीय | बाराकोट | 5 | 4 | 6 | **15** | 5 | 2 | **7** | **22** |
| | | चम्पावत | 10 | 8 | 5 | **23** | 10 | 3 | **13** | **36** |
| | | लोहाघाट | 10 | 10 | 3 | **23** | 10 | 2 | **12** | **35** |
| | | पाटी | 6 | 5 | 7 | **18** | 6 | 2 | **8** | **26** |
| | | पूर्णागिरी(पर्व0) | 2 | 2 | 0 | **4** | 2 | 2 | **4** | **8** |
| | | **योग** | **33** | **29** | **21** | **83** | **33** | **11** | **44** | **127** |
| | चम्पावत मैदानी | पूर्णागिरी(मै0) | 5 | 0 | 0 | **5** | 5 | 0 | **5** | **10** |
| | **चम्पावत** | **योग** | **38** | **29** | **21** | **88** | **38** | **11** | **49** | **137** |
| 11 | नैनीताल पर्व0 | बेतालघाट | 5 | 5 | 5 | **15** | 5 | 2 | **7** | **22** |
| | | धारी | 10 | 10 | 7 | **27** | 10 | 7 | **17** | **44** |
| | | कोश्याकुटोली | 5 | 5 | 7 | **17** | 5 | 3 | **8** | **25** |
| | | नैनीताल | 10 | 10 | 1 | **21** | 10 | 8 | **18** | **39** |
| | | **योग** | **30** | **30** | **20** | **80** | **30** | **20** | **50** | **130** |
| | नैनीताल मै0 | हल्द्वानी | 50 | 0 | 0 | **50** | 50 | 0 | **50** | **100** |
| | | कालाढूंगी | 30 | 0 | 0 | **30** | 30 | 0 | **30** | **60** |
| | | लालकुऑं | 10 | 0 | 0 | **10** | 10 | 0 | **10** | **20** |
| | | रामनगर | 40 | 0 | 0 | **40** | 40 | 0 | **40** | **80** |
| | | **योग** | **130** | **0** | **0** | **130** | **130** | **0** | **130** | **260** |
| | **नैनीताल** | **योग** | **160** | **30** | **20** | **210** | **160** | **20** | **180** | **390** |

| क्र. सं. | जनपद | तहसील | फसल कटाई प्रयोगों हेतु ग्रामों की संख्या | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | खरीफ | | | | रबी | | | कुल योग |
| | | | धान | मण्डुवा | सांवा | योग | गेहूँ | जौ | योग | |
| 12 | पिथौरागढ़ | बेरीनाग | 8 | 8 | 3 | 19 | 9 | 7 | 16 | 35 |
| | | देवलथल | 5 | 4 | 0 | 9 | 6 | 0 | 6 | 15 |
| | | धारचूला | 8 | 2 | 0 | 10 | 6 | 0 | 6 | 16 |
| | | डीडीहाट | 10 | 5 | 0 | 15 | 10 | 2 | 12 | 27 |
| | | गंगोलीहाट | 8 | 8 | 4 | 20 | 8 | 4 | 12 | 32 |
| | | गणाईगंगोली | 4 | 2 | 1 | 7 | 4 | 1 | 5 | 12 |
| | | कनालीछीना | 5 | 3 | 0 | 8 | 5 | 1 | 6 | 14 |
| | | बंगापानी | 6 | 2 | 0 | 8 | 4 | 1 | 5 | 13 |
| | | मुनस्यारी | 7 | 8 | 3 | 18 | 7 | 4 | 11 | 29 |
| | | पिथौरागढ़ | 15 | 13 | 10 | 38 | 15 | 10 | 25 | 63 |
| | | योग | 76 | 55 | 21 | 152 | 74 | 30 | 104 | 256 |
| 13 | ऊधमसिंहनगर | बाजपुर | 36 | 0 | 0 | 36 | 36 | 0 | 36 | 72 |
| | | गदरपुर | 25 | 0 | 0 | 25 | 25 | 0 | 25 | 50 |
| | | जसपुर | 34 | 0 | 0 | 34 | 34 | 0 | 34 | 68 |
| | | काशीपुर | 30 | 0 | 0 | 30 | 30 | 0 | 30 | 60 |
| | | खटीमा | 40 | 0 | 0 | 40 | 40 | 0 | 40 | 80 |
| | | किच्छा | 21 | 0 | 0 | 21 | 21 | 0 | 21 | 42 |
| | | सितारगंज | 40 | 0 | 0 | 40 | 40 | 0 | 40 | 80 |
| | | रुद्रपुर | 14 | 0 | 0 | 14 | 14 | 0 | 14 | 28 |
| | | योग | 240 | 0 | 0 | 240 | 240 | 0 | 240 | 480 |
| कुमाँऊ मण्डल | | | 649 | 234 | 112 | 995 | 647 | 111 | 758 | 1753 |
| उत्तराखण्ड (पर्वतीय) | | | 607 | 543 | 312 | 1462 | 605 | 337 | 942 | 2404 |
| उत्तराखण्ड (मैदानी) | | | 871 | 10 | 0 | 881 | 871 | 0 | 871 | 1752 |
| उत्तराखण्ड | | | 1478 | 553 | 312 | 2343 | 1476 | 337 | 1813 | 4156 |

तालिका– 4(अ)

# गौण फसलों पर फसल कटाई प्रयोगों के लिए जनपदवार भौतिक लक्ष्य वर्ष 2016–17

| क्र. स. | जनपद | फसल कटाई प्रयोगों हेतु ग्रामों की संख्या | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | खरीफ | | | | | | | | | | | | | | | |
| | | आलू | अदरक | मक्का | उर्द | गहत | सोयाबीन | मूंगफली | तोर / अरहर | भट्ट | राजमा | रामदाना | ओगल / फाफरा | अरबी / पिनालू | तिल | मिर्च | योग |
| 1 | चमोली | 10 | 0 | 0 | 5 | 5 | 5 | 0 | 0 | 2 | 5 | 5 | 4 | 0 | 0 | 2 | 43 |
| 2 | देहरादून | 5 | 10 | 15 | 5 | 5 | 0 | 0 | 3 | 1 | 5 | 3 | 0 | 2 | 0 | 2 | 56 |
| 3 | हरिद्वार | 0 | 0 | 5 | 0 | 0 | 0 | 5 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 5 | 0 | 15 |
| 4 | पौड़ी गढ़वाल | 15 | 0 | 10 | 20 | 20 | 0 | 0 | 5 | 0 | 4 | 0 | 0 | 0 | 0 | 5 | 79 |
| 5 | रूद्रप्रयाग | 5 | 0 | 0 | 5 | 2 | 0 | 0 | 2 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 2 | 17 |
| 6 | टिहरी गढ़वाल | 10 | 5 | 5 | 10 | 10 | 3 | 0 | 5 | 1 | 5 | 3 | 0 | 2 | 5 | 2 | 66 |
| 7 | उत्तरकाशी | 10 | 0 | 5 | 5 | 5 | 2 | 0 | 2 | 2 | 5 | 5 | 5 | 0 | 5 | 0 | 51 |
| गढ़वाल मण्डल | | 55 | 15 | 40 | 50 | 47 | 10 | 5 | 17 | 6 | 24 | 17 | 9 | 4 | 15 | 13 | 327 |
| 8 | अल्मोड़ा | 0 | 5 | 5 | 2 | 5 | 5 | 0 | 0 | 5 | 0 | 0 | 0 | 2 | 2 | 5 | 36 |
| 9 | बागेश्वर | 0 | 0 | 0 | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 5 | 0 | 3 | 1 | 2 | 0 | 0 | 13 |
| 10 | चम्पावत | 0 | 5 | 5 | 3 | 5 | 2 | 0 | 0 | 5 | 0 | 0 | 0 | 2 | 2 | 2 | 31 |
| 11 | नैनीताल (पर्व०) | 5 | 5 | 0 | 3 | 5 | 5 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 2 | 0 | 5 | 30 |
| 12 | नैनीताल (मै०) | 5 | 0 | 10 | 0 | 0 | 10 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 25 |
| 13 | पिथौरागढ़ | 5 | 5 | 5 | 5 | 5 | 5 | 0 | 0 | 5 | 3 | 0 | 5 | 2 | 0 | 3 | 48 |
| 13 | ऊधमसिंहनगर | 0 | 0 | 5 | 5 | 0 | 5 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 15 |
| कुमाँऊ मण्डल | | 15 | 20 | 30 | 20 | 20 | 32 | 0 | 0 | 20 | 3 | 3 | 6 | 10 | 4 | 15 | 198 |
| उत्तराखण्ड | | 70 | 35 | 70 | 70 | 67 | 42 | 5 | 17 | 26 | 27 | 20 | 15 | 14 | 19 | 28 | 525 |

तालिका– 4(ङ)

गौण फसलों पर फसल कटाई प्रयोगों के लिए जनपदवार भौतिक लक्ष्य वर्ष 2016–17

| फसल कटाई प्रयोगों हेतु ग्रामों की संख्या | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | रबी | | | | | | जायद | | |
| | | आलू | मसूर | राई सरसों / तोरिया | प्याज | लहसुन | योग | धान | उर्द | कुल योग |
| 1 | चमोली | 0 | 0 | 2 | 2 | 0 | 4 | 0 | 0 | 47 |
| 2 | देहरादून | 5 | 5 | 0 | 0 | 0 | 10 | 0 | 0 | 66 |
| 3 | हरिद्वार | 5 | 5 | 3 | 0 | 0 | 13 | 0 | 5 | 33 |
| 4 | पौड़ी गढ़वाल | 10 | 15 | 2 | 5 | 0 | 32 | 0 | 0 | 111 |
| 5 | रूद्रप्रयाग | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 17 |
| 6 | टिहरी गढ़वाल | 5 | 5 | 5 | 5 | 2 | 22 | 0 | 0 | 88 |
| 7 | उत्तरकाशी | 5 | 5 | 3 | 0 | 0 | 13 | 0 | 0 | 64 |
| गढ़वाल मण्डल | | **30** | **35** | **15** | **12** | **2** | **94** | **0** | **5** | **426** |
| 8 | अल्मोड़ा | 5 | 5 | 4 | 5 | 2 | 21 | 0 | 0 | 57 |
| 9 | बागेश्वर | 5 | 5 | 3 | 0 | 0 | 13 | 0 | 0 | 26 |
| 10 | चम्पावत | 5 | 5 | 4 | 5 | 2 | 21 | 0 | 0 | 52 |
| 11 | नैनीताल (पर्व०) | 5 | 0 | 0 | 0 | 2 | 7 | 0 | 0 | 37 |
| 12 | नैनीताल (मै०) | 10 | 0 | 0 | 0 | 0 | 10 | 0 | 0 | 35 |
| 13 | पिथौरागढ़ | 5 | 10 | 4 | 5 | 2 | 26 | 0 | 0 | 74 |
| 13 | ऊधमसिंहनगर | 5 | 5 | 5 | 0 | 0 | 15 | 15 | 0 | 45 |
| कुमाँऊ मण्डल | | **40** | **30** | **20** | **15** | **8** | **113** | **15** | **0** | **326** |
| उत्तराखण्ड | | **70** | **65** | **35** | **27** | **10** | **207** | **15** | **5** | **752** |

## तालिका – 5

### कृषि सांख्यिकी के सुधार की योजना के अन्तर्गत पड़ताल जांच, खसरा रजिस्टर योग जांच एवं फसल कटाई निरीक्षण के जनपदवार चयनित ग्रामों की संख्या

| क्र. सं. | जनपद | पड़ताल जाँच के ग्रामों की संख्या (शिड्यूल 1.0) | | | | | | खसरा रजिस्टर टोटल की जांच के ग्रामों की संख्या (शिड्यूल 1.1)केवल राज्य प्रतिदर्श हेतु | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | खरीफ | | रबी | | जायद | | | | |
| | | केन्द्रीय | राज्य | केन्द्रीय | राज्य | केन्द्रीय | राज्य | खरीफ | रबी | जायद |
| 1 | चमोली | 4 | 4 | 4 | 4 | 0 | 0 | 4 | 4 | 0 |
| | देहरादून (पर्वतीय) | 2 | 2 | 2 | 2 | 0 | 0 | 2 | 2 | 0 |
| | देहरादून (मैदानी) | 5 | 5 | 5 | 5 | 5 | 5 | 5 | 5 | 5 |
| 2 | देहरादून | 7 | 7 | 7 | 7 | 5 | 5 | 7 | 7 | 5 |
| 3 | हरिद्वार | 20 | 20 | 20 | 20 | 20 | 20 | 20 | 20 | 20 |
| 4 | पौड़ी गढ़वाल | 8 | 8 | 8 | 8 | 0 | 0 | 8 | 8 | 0 |
| 5 | रुद्रप्रयाग | 3 | 3 | 3 | 3 | 0 | 0 | 3 | 3 | 0 |
| 6 | टिहरी गढ़वाल | 8 | 8 | 8 | 8 | 0 | 0 | 8 | 8 | 0 |
| 7 | उत्तरकाशी | 4 | 4 | 4 | 4 | 0 | 0 | 4 | 4 | 0 |
| | **गढ़वाल मण्डल** | **54** | **54** | **54** | **54** | **25** | **25** | **54** | **54** | **25** |
| 8 | अल्मोड़ा | 12 | 12 | 12 | 12 | 0 | 0 | 12 | 12 | 0 |
| 9 | बागेश्वर | 4 | 4 | 4 | 4 | 0 | 0 | 4 | 4 | 0 |
| 10 | चम्पावत | 3 | 3 | 3 | 3 | 0 | 0 | 3 | 3 | 0 |
| | नैनीताल (पर्वतीय) | 2 | 2 | 2 | 2 | 0 | 0 | 2 | 2 | 0 |
| | नैनीताल (मैदानी) | 4 | 4 | 4 | 4 | 4 | 4 | 4 | 4 | 4 |
| 11 | नैनीताल | 6 | 6 | 6 | 6 | 4 | 4 | 6 | 6 | 6 |
| 12 | पिथौरागढ़ | 7 | 7 | 7 | 7 | 0 | 0 | 7 | 7 | 0 |
| 13 | ऊधमसिंहनगर | 24 | 24 | 24 | 24 | 24 | 24 | 24 | 24 | 24 |
| | **कुमाँऊ मण्डल** | **56** | **56** | **56** | **56** | **28** | **28** | **56** | **56** | **30** |
| | **उत्तराखण्ड (पर्वतीय)** | **57** | **57** | **57** | **57** | **0** | **0** | **57** | **57** | **0** |
| | **उत्तराखण्ड (मैदानी)** | **53** | **53** | **53** | **53** | **53** | **53** | **53** | **53** | **53** |
| | **उत्तराखण्ड** | **110** | **110** | **110** | **110** | **53** | **53** | **110** | **110** | **55** |

# तालिका – 5

## कृषि सांख्यिकी के सुधार की योजना के अन्तर्गत पड़ताल जांच, खसरा रजिस्टर योग जांच एवं फसल कटाई निरीक्षण के जनपदवार चयनित ग्रामों की संख्या

| क्र. सं. | जनपद | फसल कटाई निरीक्षण के ग्रामों की संख्या (मॉड्यूल 2.0) | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | धान | | मण्डुवा | | गन्ना (पौध) | | गन्ना(पेड़ी) | | गेहूं | | योग | |
| | | केन्द्रीय | राज्य | केन्द्रीय | राज्य | केन्द्रीय | राज्य | केन्द्रीय | राज्य | केन्द्रीय | राज्य | केन्द्रीय | राज्य |
| 1 | चमोली | 2 | 2 | 2 | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 2 | 2 | **6** | **6** |
| | देहरादून (पर्वतीय) | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | **0** | **0** |
| | देहरादून (मैदानी) | 3 | 3 | 0 | 0 | 2 | 2 | 2 | 2 | 3 | 3 | **10** | **10** |
| 2 | देहरादून | 3 | 3 | 0 | 0 | 2 | 2 | 2 | 2 | 3 | 3 | **10** | **10** |
| 3 | हरिद्वार | 6 | 6 | 0 | 0 | 3 | 3 | 3 | 3 | 7 | 7 | **19** | **19** |
| 4 | पौड़ी गढ़वाल | 2 | 2 | 3 | 3 | 0 | 0 | 0 | 0 | 2 | 2 | **7** | **7** |
| 5 | रुद्रप्रयाग | 0 | 0 | 2 | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | **2** | **2** |
| 6 | टिहरी गढ़वाल | 2 | 2 | 3 | 3 | 0 | 0 | 0 | 0 | 2 | 2 | **7** | **7** |
| 7 | उत्तरकाशी | 0 | 0 | 2 | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 2 | 2 | **4** | **4** |
| | **गढ़वाल मण्डल** | **15** | **15** | **12** | **12** | **5** | **5** | **5** | **5** | **18** | **18** | **55** | **55** |
| 8 | अल्मोड़ा | 2 | 2 | 4 | 4 | 0 | 0 | 0 | 0 | 2 | 2 | **8** | **8** |
| 9 | बागेश्वर | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | **0** | **0** |
| 10 | चम्पावत | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | **0** | **0** |
| | नैनीताल (पर्वतीय) | 0 | 0 | 2 | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | **2** | **2** |
| | नैनीताल (मैदानी) | 2 | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 3 | 3 | **5** | **5** |
| 11 | नैनीताल | 2 | 2 | 2 | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 3 | 3 | **7** | **7** |
| 12 | पिथौरागढ़ | 2 | 2 | 2 | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 2 | 2 | **6** | **6** |
| 13 | ऊधमसिंहनगर | 4 | 4 | 0 | 0 | 5 | 5 | 5 | 5 | 5 | 5 | **19** | **19** |
| | **कुमाँऊ मण्डल** | **10** | **10** | **8** | **8** | **5** | **5** | **5** | **5** | **12** | **12** | **40** | **40** |
| | **उत्तराखण्ड (पर्वतीय)** | **10** | **10** | **20** | **20** | **0** | **0** | **0** | **0** | **12** | **12** | **42** | **42** |
| | **उत्तराखण्ड (मैदानी)** | **15** | **15** | **0** | **0** | **10** | **10** | **10** | **10** | **18** | **18** | **53** | **53** |
| | **उत्तराखण्ड** | **25** | **25** | **20** | **20** | **10** | **10** | **10** | **10** | **30** | **30** | **95** | **95** |

**नोट :-** फसल गन्ना पर फसल कटाई प्रयोगों का ग्रामवार नियोजन व सम्पादन गन्ना एवं चीनी आयुक्त, उत्तराखण्ड, काशीपुर के स्तर से किया जायेगा।